मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-02
01/01/2021

मुख्यमंत्री ने सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के बिहार डायरी एवं कैलेण्डर 2021 का किया लोकार्पण

पटना, 01 जनवरी 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मुख्य सचिवालय स्थित कार्यालय कक्ष में बिहार सरकार के सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग द्वारा प्रकाशित बिहार डायरी 2021 एवं कैलेण्डर 2021 का लोकार्पण कर राज्य की जनता को समर्पित किया।

बिहार डायरी एवं कैलेण्डर के लोकार्पण के अवसर पर मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, सचिव सूचना एवं जन–सम्पर्क श्री अनुपम कुमार, निदेशक सूचना एवं जन–सम्पर्क श्री प्रदीप कुमार झा उपस्थित थे।

******